न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
अनुवान महावीर प्रसाद बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या – 57 / 2025
निर्णय दिनांक 20/08/2025

महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह जाति जाट निवासी कालवास तहसील तारानगर जिला चूरू।

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

—::निर्णय::—

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में कृषि भूमि रोही मौजा कालवास पटवार हल्का कालवास तहसील तारानगर के खाता संख्या 41 के खसरा सं. 102 तादादी 2.9842 हैक्ट., ख.नं. 325 तादादी 6.4742, ख.नं. 481/123 तादादी 2.2761 हैक्ट. के राजस्व रिकॉर्ड में सहखातेदार दर्ज है। उक्त खसराजात भूमि के राजस्व रिकार्ड में इंतकाल के समय भूलवश व गलती से वर्तमान राजस्व जमाबंदी में प्रार्थी महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह का नाम महावीर पुत्र अमरसिंह दर्ज हो गया, जो कि गलत है, जबकि प्रार्थी का सही नाम महावीर प्रसाद पुत्र अमरसिंह है। प्रार्थी का नाम उक्त खसराजात की जमाबंदी में गलत दर्ज होने के कारण प्रार्थी राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहा है। जिससे प्रार्थी को काफी नुकसान हो रहा है। प्रार्थी के सभी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जनाधार कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, पैन कार्ड आदि दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह अंकित है। इसलिये प्रार्थी उक्त खसराजात की जमाबंदी में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। इसलिए प्रार्थना पत्र पेश कर रहा है। अतः उक्त खसराजात कृषिभूमि में प्रार्थी का नाम महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह किये जाने का आदेश प्रदान करें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में पटवार हल्का ने प्रार्थी का नाम महावीर पुत्र अमरसिंह व महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का होना अंकित किया है। राजपैरोकार ने जांच रिपोर्ट के अलावा कोई जवाब पेश नहीं किया। प्रकरण का कोई खण्डन पेश नहीं हुआ।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार तारानगर की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जनाधार कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, पैन कार्ड में प्रार्थी का नाम महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह पाया जाता है। राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम महावीर पुत्र अमरसिंह अंकित है। नाम में भिन्नता से प्रार्थी को परेशानी होना सम्भव है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा कृषि भूमि रोही मौजा कालवास पटवार हल्का कालवास तहसील तारानगर के खाता संख्या 41 के खसरा सं. 102 तादादी 2.9842 हैक्ट., ख.नं. 325 तादादी 6.4742, ख.नं. 481/123 तादादी 2.2761 हैक्ट. के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम महावीर पुत्र अमरसिंह **Delete** कर इसके स्थान पर महावीर प्रसाद पुत्र अमर सिंह अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। न्यायालय का यह निर्णय अपीलीय है। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 20/08/2025 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी तारानगर (चूरू)

Rajendra
(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)